# How to Get Personal Loan in India | पर्सनल लोन लेने के क्या है फायदे और नुक्सान

continuegyan.com/how-to-get-personal-loan-in-india




दोस्तों आज के ब्लॉग पोस्ट में जानेंगे **How to get personal loan in India** के बारे में इसीलिए कि पर्सनल लोन की जानकारी न होने की वजह से अक्सर लोग पर्सनल लोन लेने से घबराते है, जबकि पर्सनल लोन लेकर हम अपनी काफी सारी पर्सनल प्रॉब्लम को दूर कर सकते है जैसे बच्चो के स्कूल की फीस देनी हो या किसी का इलाज कराना हो या फिर किसी को एक महंगा गिफ्ट देना हो तो ऐसी ही काफी सारे काम हम पर्सनल लोन लेकर कर सकते है।

बैंक ज्यादातर सैलरी पाने वाले लोगो को ही ज्यादा Priority देते है इसीलिए अगर आपका किसी बैंक में सैलरी अकाउंट है तो आपको और भी आसानी से पर्सनल लोन मिल जाता है।

## What is Personal Loan?

पर्सनल लोन बैंक द्वारा दिया जाने वाला एक लोन होता है जो बैंक आपको आपके अच्छे क्रेडिट स्कोर के आधार पर प्रदान करती है। पर्सनल लोन में दो चीज़े प्रमुख होती है – पहला आपके पक्ष में होती है और दूसरी आपके विरुद्ध होती है।

सबसे अच्छी बात ये है कि पर्सनल लोन बहुत ही कम डॉक्यूमेंटेशन पर मिल जाता है इसके लिए आपको प्रॉपर्टी के कागजात या कोई बड़े डॉक्यूमेंट की ज़रूरत नही पड़ती है बल्कि सामान्य से डाक्यूमेंट्स देकर आप पर्सनल लोन बड़ी आसानी से ले सकते है।

दूसरी चीज जो आपके विरुद्ध (Against) में है वो ये है कि पर्सनल लोन का जो इंटरेस्ट रेट होता है वो काफी ज्यादा होता है। अगर आप होम लोन लेना चाहते है या गोल्ड लोन लेना चाहते है या इसी तरह के कोई दूसरे लोन लेना चाहते है तो उसमे जो इंटरेस्ट रेट होता है वो पर्सनल लोन की तुलना में काफी कम होता है।

## Documents Required for Personal Loan

अगर देखा जाये तो पर्सनल लोन के लिए बैंक सिर्फ दो चीजे कन्फर्म करते है पहला ये कि आपका Credit Score कैसा है, क्रेडिट स्कोर सही रहने पर लोन बड़ी आसानी से मिल जाता है। क्रेडिट स्कोर वो होता है कि अगर आपके पास क्रेडिट कार्ड है तो आप उसके बिल का भुगतान कैसे करते है, सही समय पर करते है या पेमेंट Bounce कराते है।

अगर आपने पहले से कोई लोन लिया है तो उसका EMI दिए गए तारिख पर भरते है या नहीं, इन्ही सब Records को क्रेडिट स्कोर कहा जाता है। अगर आप दिए गए तारिख पर लोन के EMI का भुगतान करते है तो आपका क्रेडिट स्कोर काफी अच्छा बना रहता है।

दूसरी चीज बैंक ये देखती है कि आप जो लोन ले रहे है उसे चुकाने की क्षमता आप रखते है या नही। ये जानने के लिए बैंक दो चीजे देखते है कि आप सैलरी पाने वाले कर्मचारी है या Self Employed है। .

अगर आप सैलरी पाते है तो बैंक आपको बड़े आसानी से पर्सनल लोन दे देते है इसके लिए बैंक आपसे 3 महीने की सैलरी स्लिप लेते है और आपके सैलरी के हिसाब से लोन की राशि तय होती है।

अगर आप Self Employed है तब भी आपको पर्सनल लोन मिल जाता है लेकिन उसके लिए आप क्या काम करते है, कितनी इनकम होती है आपके ऑफिस का एड्रेस क्या है ये सारी जानकारी बैंक आपसे लेते है।

सामान्यत पर्सनल लोन लेने के लिए दो चीजो की आवश्यकता होती है जिसमे पहला तो आपका क्रेडिट स्कोर या सिबिल स्कोर अच्छा होना चाहिए। दूसरा आप उस लोन को चुकाने की काबिलियत रखते है या नही, इसके लिए आपको एक सैलरी पर्सन होना चाहिए या Self Employed. अगर आप ये दोनों आवश्यकताये पूरी कर देते है तो आपको लोन मिलने से कोई नही रोक सकता।

अब सवाल ये आता है कि पर्सनल लोन लेने के लिए अप्लाई कैसे करे, सामान्यत ये लोन दो तरह से मिलता है। पहला जिसमे बैंक खुद ही आपको पर्सनल लोन लेने के लिए कहता है जैसे HDFC बैंक और Axis बैंक है।

इनकी नेट बैंकिंग के पोर्टल में आपको ऑफर्स मिल जायेंगे जैसे आप 1 लाख के पर्सनल लोन लेने के लिए Capable है या 5 लाख लेने के लिए Capable है, कुछ इस तरह के ऑफर्स आपको इन्टरनेट बैंकिंग के द्वारा मिलते है।

दूसरा तरीका ये है कि आप खुद ही बैंक में अप्लाई कर सकते है पर्सनल लोन लेने के लिए, अगर बैंक आपको खुद ऑफर करता है तो फिर काफी आसान हो जाता है आपके लिए पर्सनल लोन लेना।

क्योंकि बैंक जब आपको ऑफर करता है तो पहले ही आपका सिबिल स्कोर चेक कर लेते है अगर आपका सिबिल स्कोर अच्छा रहता है तभी बैंक आपको **पर्सनल लोन** लेने के लिए ऑफर करते है। उस स्थिति में आपको सिर्फ अपना सैलरी स्लिप या सेल्फ एम्प्लॉयमेंट के डॉक्यूमेंट देने होते है और आपको लोन मिल जाता है।

अगर आप खुद ही Apply करते है तो इसके लिए आपको उसी बैंक में जाना चाहिए जहाँ आपका अकाउंट है क्योंकि ज्यादातर बैंक जो है वो अपने कस्टमर को ही **पर्सनल लोन** प्रोवाइड करते है।

अगर आप कहीं दूसरे बैंक में जाकर पर्सनल लोन के लिए Apply करेंगे तो सबसे पहला सवाल उनका यही होगा कि जहां आपका अकाउंट है आपने वहां पर्सनल लोन के लिए Apply क्यों नही किया।

तो आप उसी बैंक के ब्रांच में जाये जहाँ आपका अपना अकाउंट है वहां आप पर्सनल लोन के लिए Apply कर सकते है। इसके लिए आपको बैंक में पर्सनल लोन अप्लाई करने का फॉर्म मिलेगा, उस फॉर्म में अपनी सारी डिटेल्स भरकर जमा करना होता है।

उसके साथ आपको अपना आईडी प्रूफ और एड्रेस प्रूफ देना होता है, इसके लिए आप आधार कार्ड और पैन कार्ड लगा सकते है साथ ही आपकी 3 महीने की सैलरी स्लिप या सेल्फ एम्प्लॉयमेंट की जानकारी अटैच करनी होती है। इसके बाद बैंक वाले वेरीफाई करते है और अगर जानकारी सही है तो आपको **पर्सनल लोन** मिल जाता है।

## How to get personal loan in India

पर्सनल लोन मिलना बाकी लोन के मुकाबले काफी आसान होता है क्योंकि इसमें आपको ज्यादा डाक्यूमेंट्स की जरुरत नही पड़ती है इसीलिए पर्सनल लोन लेने से पहले आपको कुछ सावधानियां भी बरतनी चाहिए।

> जिसमे सबसे पहली सावधानी ये है कि **पर्सनल लोन** लेने का फैसला आपको काफी सोच समझकर करना चाहिए क्योंकि इसका इंटरेस्ट रेट दूसरे लोन की तुलना में काफी ज्यादा होता है।
>
> दूसरी सावधानी आपको ये बरतनी चाहिए कि **पर्सनल लोन** आपको तब लेना चाहिए जब आपके पास कोई और दूसरा रास्ता न हो, मतलब कि आपके पास कोई प्रॉपर्टी ना हो, गोल्ड ना हो। अगर आपके पास प्रॉपर्टी या गोल्ड है तो आप गोल्ड लोन या प्रॉपर्टी लोन ले सकते है, जिसका इंटरेस्ट रेट **पर्सनल लोन** की तुलना में काफी कम होता है।
>
> तीसरी सावधानी आपको ये बरतनी चाहिए कि पर्सनल लोन आप तभी ले, जब उसकी EMI का भुगतान करने में आप सक्षम है।
>
> चौथी सावधानी ये बरते कि जब आप **पर्सनल लोन** लेने के लिए अपना आईडी प्रूफ, एड्रेस प्रूफ वगेरह देते है तो आपको उसपर अपने हस्ताक्षर करके लिख देना चाहिए कि ये सिर्फ पर्सनल लोन लेने के लिए है वर्ना आपके डाक्यूमेंट्स का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है।
>
> पांचवी सावधानी आपको ये बरतनी चाहिए कि जब भी आप पर्सनल लोन ले, तो किसी बड़े बैंक से ही लेना चाहिए या फिर अपने नेशनल बैंक से ही लेना चाहिए।
>
> छठी सावधानी ये है कि आपको अपने उसी बैंक से ही लोन लेना चाहिए जहाँ आपका अकाउंट है, इसका फायदा ये है कि एक तो आपका सिबिल स्कोर चेक हो जाता है और दूसरा ये कि उसी बैंक में अकाउंट होने के कारण वे आपको जानते है।

इसीलिए आपको ज्यादा डॉक्यूमेंटेशन की जरुरत नही पड़ती है साथ ही लोन समय पर ना चुका पाने की स्थिति में आपको ज्यादा परेशान भी नहीं करेंगे।

**How to get personal loan in India** इस पोस्ट से जुड़ी जानकारी पसंद आने पर शेयर जरूर करे साथ ही अपने दोस्तों व प्रियजनों को भी बताये पर्सनल लोन के बारे में जिन्हे इसकी जरुरत है।

---

Copyright 2020 | Continue Gyan